दैनिक जागरण
बरेली, मंगलवार
24 अक्टूबर, 2023
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 20

PAGE NO : 08 MIDDLE

एसआरएमएस रिद्धिमा कला केंद्र में थिएटर फेस्टिवल कल से

जासं, बरेली: श्रीराममूर्ति स्मारक रिद्धिमा प्रदर्शन एवं ललित कला केंद्र में बुधवार से इंद्रधनुष-3 थिएटर फेस्टिवल शुरू होगा। फेस्टिवल शहर के रंगमंच के कलाकार रहे जेसी पालीवाल को समर्पित रहेगा। यह जानकारी सोमवार को पत्रकार वार्ता में एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देवमूर्ति ने दी। कार्यक्रम का उद्घाटन वरिष्ठ शायर वसीम बरेलवी करेंगे।

उन्होंने बताया देश की साझा विरासत को संजोने और इसे मजबूती देने के उद्देश्य से कला केंद्र की स्थापना की गई है। बुधवार से तीसरा फेस्टिवल इंद्रधनुष शुरू हो रहा है, जो कि 31 अक्टूबर तक चलेगा। पहले दिन शैलेश शर्मा द्वारा निर्देशित मैं अधर्मी हूं... रावण का मंचन होगा। इसमें बरेली के साथ दिल्ली और मुम्बई के थिएटर ग्रुप के कलाकार प्रस्तुतियां देंगे। सभी नाटक सवा घंटे के होंगे। दर्शकों की सुविधा को गुरुवार से सभी नाटकों का मंचन दिन में दोबारा होगा। पहला शो शाम चार बजे और दूसरा शाम 6:30 बजे शुरू होगा। वर्ष-2021 में चार महीने में बनकर तैयार हुआ।

प्रेसवार्ता में जानकारी देते एसआरएमएस के चेयरमैन देवमूर्ति • सौ.- संस्थान

25 अक्टूबर- मैं अधर्मी हूं
26 अक्टूबर- लाल किला का आखिरी मुकदमा
27 अक्टूबर- पड़ोसन एक श्रद्धांजलि
28 अक्टूबर- दास्तान-ए-गुरूनानक
29 अक्टूबर- अधिरथी
30 अक्टूबर- यहूदी की लड़की
31 अक्टूबर- अनकही अन-जली